**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने को प्राथमिकता दी है।
- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है।

श्री मोदी ने कहा कि आंतकी हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के. कस्तूरी रंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरी रंगन का निधन हो गया था।

<><><><><><><>

आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि भारत अब उपचार और चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे अधिक मांग वाले गंतव्यों में से एक के रूप में उभरा है। श्री जाधव ने कहा कि भारत का लक्ष्य न केवल विरासत या आध्यात्मिकता में, बल्कि चिकित्सा पर्यटन में भी अग्रणी बनना है। उन्होंने कहा कि भारत को अब किफायती और विश्वसनीय उपचार के केंद्र के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उत्कृष्ट चिकित्सा शक्ति और वैश्विक आउटरीच और सहयोग को प्रदर्शित करेगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने को प्राथमिकता दी है। आज तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसान समुदाय के लाभ के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान योजना का उल्लेख किया, जो किसानों के लिए सीधे तौर पर लाभकारी रही है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि साल दो हजार सैतालिस तक भारत को तीस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी क्षेत्रों में आर्थिक सुधार जरूरी हैं। उन्होंने कॉरपोरेट जगत से कृषि से संबंधित गतिविधियों में निवेश करने की अपील की।

इससे पहले उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित कृषि प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

<><><><><><><>

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, क्षेत्रीय कृषि कार्यालय, डिगलीपुर ने कल एग्रो–वूमेन मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की सदस्यों के लिए वर्मीकंपोस्टिंग पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण बहुउद्देशीय फार्म, केरलापुरम में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं के बीच तकनीकी कौशल का निर्माण और आय पैदा करने वाली कृषि प्रथाओं को प्रोत्साहित करना था। इस समूह का गठन महिलाओं को कृषि उपक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल के तहत कल सिप्पीघाट सरकारी मिडिल स्कूल के पास सड़क दुर्घटना परिदृश्य का मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह अभ्यास परिवहन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग का एक संयुक्त प्रयास था। इस ड्रिल का उद्देश्य वास्तविक जीवन में सड़क दुर्घटना की स्थिति में विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों के बीच तैयारियों और समन्वय का परीक्षण करना था। नकली परिदृश्य में एस टी एस बस और बिजली के खंभे के बीच एक जोरदार टक्कर शामिल थी, जिसके बाद नकली चोटें, भीड़ प्रबंधन, आग के खतरे और बिजली व्यवधान थे। संसाधन विभागों के अधिकारियों ने प्रत्येक विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों की बारीकी से निगरानी की। पुलिस ने यातायात को प्रबंधित किया और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की, जबकि अग्निशमन विभाग ने नकली आग को बुझाने में त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने मौके पर ही चिकित्सा सहायता प्रदान की और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाने के नकली कार्य का समन्वय किया। बिजली विभाग ने मॉक पावर लाइन व्यवधान को सुरक्षित तरीके से संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ड्रिल के पर्यवेक्षकों ने सरकारी मिडिल स्कूल, सिप्पीघाट में आयोजित डी–ब्रीफिंग सत्र के दौरान सभी विभागों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और एक मजबूत आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली के निर्माण में इस तरह के अभ्यासों के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने सभी राज्य स्तरीय खेल संघों को कहा है कि वे अपनी वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय खाते, बैठकों के मिनट और संबंधित दस्तावेज अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के नियमों के अनुसार दस मई तक राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में जमा कराएं। संबंधित राज्य स्तरीय संघों से संबंधित मामलों को सुगम बनाने और वार्षिक संबद्धता के नवीनीकरण के लिए यह आवश्यक है।

<><><><><><><>

सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में कल दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम सात बजे तक और रात्रि नौ बजे से अगले दिन सवेरे चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान सभी संबंधित लोगों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>